# बेसिक शिक्षा विभाग, मऊ।

## कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में संविदा के तहत आवेदन/विज्ञप्ति

उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या–1553/68–5–2020 बेसिक शिक्षा अनुभाग–5 लखनऊ दिनांक 11 दिसम्बर, 2020 एवं उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या–।/570148/2024 File No. 68–5099/23/2024–5() दिनांक 28.05.2024 के क्रम में राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा, उ0प्र0 लखनऊ के पत्रांक : के0जी0बी0वी0/7114/2024–25 दिनांक 28.10.2024 द्वारा दिये गये निर्देश एवं जिलाधिकारी महोदय के अनुमति उपरान्त जनपद मऊ में संचालित कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालयों एवं उच्चीकृत के0जी0बी0वी0 में निम्नवत् रिक्त पदों पर संविदा के आधार पर (11 माह, 29 दिन/29 फरवरी, 2026 जो भी पहले हो) के लिए नीचे उल्लिखित विवरण के अनुसार पदों पर केवल महिला योग्यताधारी अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है तथा उक्त चयन विशेष अनुज्ञा याचिका सं0–13553/2022 स्टेट प्रोजेक्ट डायरेक्टर बनाम सरोज मौर्या व अन्य में मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित आंतिम आदेश के अधीन होगा।

| क्र0 सं0 | पदनाम | वर्गवार रिक्त पदों का विवरण | | | | | शैक्षिक योग्यता | मानदेय प्रति माह (13 प्रतिशत नियोक्त अंशदान सहित) | आयु (न्यूनतम–अधिकतम) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अनारक्षित | ई0 डब्लू0 एस0 | अनु0 जाति | अन्य पिछड़ा वर्ग | योग | | | |
| 1 | अंशकालिक शिक्षिका (शारीरिक शिक्षा) | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | बी0पी0एड0, सी0पी0एड0 एवं डी0पी0एड0 आदि उपाधि तथा टी0ई0टी0 अनिवार्य नहीं है। | 12790 | 25–45 वर्ष |
| 2 | सहायक रसोइयां | 4 | 1 | 0 | 0 | 5 | कक्षा–8 उत्तीर्ण। अभ्यर्थी शारीरिक अक्षमता एवं संक्रामक रोग से ग्रस्त नहीं होना चाहिए। | 6755 | |
| 3 | चपरासी | 3 | 0 | 0 | 0 | 3 | | 7505 | |
| 4 | चौकीदार | 3 | 0 | 0 | 0 | 3 | | 7505 | |
| | योग | 10 | 1 | 0 | 1 | 12 | —— | —— | —— |

उपरोक्त के संबंध में निर्देश :–

1. उपरोक्त के संबंध में विस्तृत आवश्यक दिशा–निर्देश एवं आवेदन पत्र का प्रारूप जनपद के बेवसाईट **mau.nic.in** पर अपलोड किया गया है। साथ ही जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी–कार्यालय, समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय (बी0आर0सी0), डायट–मऊ, के सूचना पट्ट पर चस्पा है, जिसे इच्छुक अभ्यर्थी अवलोकित करते हुए अपना आवेदन दिनांक 30 सितम्बर, 2025 के सांय 5:00 बजे तक कार्यालय–जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, मऊ निकट फातिमा हास्पीटल पिनकोड–275101 के पते पर पंजीकृत डाक के माध्यम से भेजना सुनिश्चित करें।
2. आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि बेवसाईट **mau.nic.in** को विज्ञापन की अंतिम तिथि के एक सप्ताह के उपरान्त प्रतिदिन चेक करते रहे, जिस पर अर्ह अभ्यर्थियों की सूची तथा काउन्सिलिंग/ साक्षात्कार की तिथि अपलोड की जायेगी, तद्नुसार अर्ह अभ्यर्थियों को अपने वॉछित अभिलेख के साथ निर्धारित तिथि, समय व स्थल पर आयोजित काउन्सिलिंग/ साक्षात्कार में प्रतिभाग करना अनिवार्य होगा। काउन्सिलिंग/साक्षात्कार में प्रतिभाग करने वाले किसी भी अभ्यर्थी को यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

08/09/2025

(अनिल कुमार चौरसिया)
जिला समन्वयक (बा0शि0)
समग्र शिक्षा, मऊ।

(संतोष कुमार उपाध्याय)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
मऊ।

**कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में रिक्त पदों पर आवेदन हेतु आवश्यक निर्देश :–**

प्रशिक्षण उपाधि के अन्तर्गत एन0सी0टी0ई0 से मान्य बी0एड0 तथा उसके समकक्ष एल0टी0 आदि प्रशिक्षण को सम्मिलित किया जायेगा। इस हेतु आवेदक/आवेदिका वेब साइट www.ncte_india.org से अपने प्रशिक्षण योग्यता के प्रमाण पत्र के मान्य होने सम्बन्धी प्रिन्ट आउट की स्वप्रमाणित प्रति अनिवार्य रूप से संलग्न करें। उपरोक्त प्रमाण पत्र संलग्न नहीं रहने की स्थिति में आवेदन निरस्त किया जायेगा, जिसका सम्पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित अभ्यर्थी का होगा।

2. **के0जी0बी0वी0 के ऐसे शिक्षक/शिक्षिका जो शैक्षिक वर्ष 2020–21 में नवीन संविदा से वंचित हुए हो, उन शिक्षकों को चयन हेतु शैक्षिक अर्हता में शासनादेश संख्या/के0जी0बी0वी0/3–2/1916/2013–14 दिनांकः 29.07.2013 के पूर्व कार्यरत कर्मियों के लिये टी0ई0टी0 की अर्हता अनिवार्य नहीं होगी। आवेदक को तत्सम्बन्धी प्रमाण संलग्न करना अनियार्य होगा।**
3. के0जी0बी0वी0 के ऐसे शिक्षक/शिक्षिका जो शैक्षिक सत्र 2020–21 में नवीन संविदा से वंचित रहे हो, उन्हें के0जी0बी0वी0 में की गयी सेवा अवधि के प्रत्येक सम्पूर्ण शैक्षिक वर्ष के लिये 2 अंक अतिरिक्त भारांक दिया जायेगा, किन्तु अधिकतम भारांक 30 अंक से अधिक नहीं दिया जायेगा।
4. **आवेदित अभ्यर्थी की आयु दिनांक 01 अप्रैल, 2025 को न्यूनतम 25 वर्ष तथा अधिकतम 45 वर्ष से अधिक न हो, किन्तु** कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के ऐसे शिक्षक/शिक्षिका जो निर्धारित अर्हता रखते हों, किन्तु शैक्षिक वर्ष 2020–21 में नवीन संविदा से वंचित हुए हो, उन शिक्षकों द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में रिक्तियों के सापेक्ष होने वाले नवीन चयन में आवेदन करने पर उन्हें चयन हेतु आयु सीमा में के0जी0बी0वी0 में कार्यरत रहने की अवधि के समतुल्य छूट प्रदान की जायेगी, परन्तु प्रतिबन्ध यह है कि सम्बन्धित शिक्षक/शिक्षिका की आयु 60 वर्ष से अधिक न हो।
5. उपरोक्त पदों में आरक्षण राज्य सरकार द्वारा निर्धारित प्राविधानों के अन्तर्गत देय होगा।
6. शैक्षिक अंक/प्रमाणपत्र/अनुभव प्रमाण पत्र तथा सक्षम अधिकारी द्वारा जारी अद्यतन जाति प्रमाण पत्र स्व–प्रमाणित होना चाहिये।
7. **चयन के सम्बन्ध में जिला स्तरीय चयन समिति का निर्णय, अंतिम निर्णय माना जायेगा।**
8. आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में फुलस्केप कागज पर एक ही पृष्ठ पर होना अनिवार्य है। अपूर्ण/हस्ताक्षर रहित/ निर्धारित प्रारूप से इतर आवेदन पत्र निरस्त कर दिये जायेंगे, जिसके लिए सम्बन्धित अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होंगे।
9. एक लिफाफे में केवल एक आवेदन पत्र स्वीकार किया जायेगा। एक लिफाफे में एक से अधिक आवेदन पत्र प्राप्त होने पर सभी आवेदन निरस्त कर दिये जायेंगे। **लिफाफे के ऊपर आवेदित पद का नाम व विषय का नाम स्पष्ट रूप से अंकित किया जाये।**
10. आवेदन पत्र के साथ अपनी दो स्व–प्रमाणित फोटो, समस्त शैक्षिक अंकपत्र, प्रमाण–पत्र, अनुभव (के0जी0बी0वी0) सामान्य निवास प्रमाण–पत्र, जाति प्रमाण–पत्र, राजपत्रित अधिकारियों द्वारा निर्गत 02 चरित्र प्रमाण–पत्र, आधार कार्ड, उच्च प्राथमिक स्तर शिक्षक पात्रता परीक्षा (टी0ई0टी0) प्रमाण पत्र एवं अन्य वॉछित प्रमाण–पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियों के साथ अपना स्वयं का पता लिखे हुए 02 लिफाफे स्पीड पोस्ट अथवा रजिस्टर्ड पोस्ट के निर्धारित शुल्क के डाकटिकट लगे हुए संलग्न करें। **अपूर्ण, अस्पष्ट, बिना संलग्नकों वाले, बिना हस्ताक्षर, प्रारूप से भिन्न, अधूरे संलग्नकों वाले आवेदन पत्रों को निरस्त कर दिया जायेगा।**
11. विज्ञप्ति के साथ आवेदन पत्र के प्रारूप में कोई परिवर्तन/परिवर्धन अमान्य होगा। आवेदन पत्र में उल्लिखित सूचनाओं में कोई भी परिवर्तन बाद में स्वीकार नहीं होगा। अतः सभी सूचनायें निर्धारित स्थान पर स्वच्छता से अंकित की जाये।
12. **केवल स्पीडपोस्ट/पंजीकृत डाक से ही आवेदन पत्र स्वीकार किया जायेगा।** साधारण डाक अथवा अन्य किसी माध्यम से प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा।
13. **इच्छुक पात्रताधारी अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र दिनांक 30 सितम्बर, 2025 के सायं 5:00 बजे तक कार्यालय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, मऊ (निकट फातिमा हास्पीटल) को केवल स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक से प्रेषित कर सकते है।**
14. रिक्तयों की संख्या **आवश्यकतानुसार घट/बढ़ सकती है** तथा किसी भी पद के लिए विज्ञापन निरस्त करने का सर्वाधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित है।
15. उक्त विज्ञप्ति एवं **आवेदन पत्र का प्रारूप** जनपद के बेवसाईट **mau.nic.in पर एवं मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय– मऊ, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी–कार्यालय, खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय (बी0आर0सी0), डायट–मऊ, के सूचना पट्ट पर चस्पा है।**
16. उपरोक्त पदों पर काउन्सिलिंग/साक्षात्कार की सूचना जनपद के वेबसाइट **mau.nic.in पर दिनांक 08 अक्टूबर, 2025 के बाद अपलोड की जायेगी, जिसके आधार पर अर्ह अभ्यर्थियों की निर्धारित तिथि, समय व स्थल पर** जनपदीय चयन समिति के समक्ष काउन्सिलिंग/साक्षात्कार कराया जायेगा। जिसमें आवेदित समस्त अर्ह अभ्यर्थियों को अपने समस्त मूल शैक्षिक अंक/प्रमाण पत्रों के साथ वॉछित अभिलेखों के साथ प्रतिभाग किया जाय तथा काउन्सिलिंग में प्रतिभाग करने हेतु अभ्यर्थियों को कोई भी यात्रा भत्ता इत्यादि देय नहीं होगा।
17. शैक्षिक पदों पर अभ्यर्थियों का काउन्सिलिंग उपरान्त चयन मेरिट के आधार पर किया जायेगा। सहायक रसोईयां के चयन हेतु 50 अंको के साक्षात्कार के माध्यम से किया जायेगा, जिसमें शारीरिक क्षमता 20 अंक, पाक विद्या के ज्ञान हेतु 20 अंक एवं अनुभव हेतु 10 अंक निर्धारित है तथा चपरासी/चौकीदार पद पर चयन हेतु साक्षात्कार 50 अंक का होगा, जिसमें शारीरिक स्वास्थ्य हेतु 25 अंक तथा सामान्य ज्ञान हेतु 25 अंक निर्धारित है। काउन्सिलिंग/साक्षात्कार में उपस्थित अर्ह अभ्यर्थी को जनपदीय चयन समिति से अनुमोदित कराने के उपरान्त संविदा तैनाती पत्र निर्गत किया जायेगा। **काउन्सिलिंग/साक्षात्कार हेतु कोई भी मार्ग व्यय अथवा अन्य भत्ता देय नहीं होगा।**
18. चयनित अभ्यर्थिनी पूर्णकालिक शैक्षिक/शिक्षणेत्तर कार्मिक को विद्यालय के छात्रावास में ही आवासीय रूप में निवास करना अनिवार्य है तथा अंशकालिक कार्मिकों को छात्रावास में नहीं रहना है।
19. उपरोक्त समस्त पद एक वर्ष/28 फरवरी, 2026 जो भी पहले हो के लिए संविदा पर आधारित होंगे तथा कार्य संतोषजनक होने की दशा में जनपद स्तरीय समिति के अनुमोदनोपरान्त संविदा विस्तार किया जायेगा अन्यथा नहीं।

08/09/2025

**जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,**
**मऊ।**

# आवेदन पत्र का प्रारूप
## (शिक्षिका (अंशकालिक हेतु)

स्व–प्रमाणित फोटो चस्पा करें।

1. आवेदित पद का नाम (पूर्णकालिक/अंशकालिक) : ..........
2. आवेदित विषय का नाम ..........
3. अभ्यर्थी का नाम ..........
4. पिता का नाम .......... पति का नाम ..........
5. स्थायी पता ग्राम/वार्ड नं0 .......... पो0 ..........
   थाना .......... जनपद .......... पिनकोड ..........
6. पत्र व्यवहार का पता ग्राम/वार्ड नं0 .......... पोस्ट ..........
   थाना .........., जनपद .......... पिन कोड ..........
7. मोबाईल नम्बर .......... अभिभावक का मो0नं0 : ..........
8. जाति/वर्ग (अनारक्षित/अनु0जाति/जन0जाति/अ0पि0व0) ..........
   (आरक्षण श्रेणी/कोटि होने के अन्तर्गत अद्यतन जारी प्रमाण पत्र संलग्न करें)
9. जन्म तिथि अंकों में .......... शब्दों में ..........
10. 01 अप्रैल, 2025 को हाईस्कूल प्रमाण पत्र के अनुसार आयु .......... दिन .......... माह .......... वर्ष।
11. शैक्षिक योग्यता –

| क्र.सं. | शैक्षिक योग्यता | बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम | विषय | उत्तीर्ण वर्ष | प्राप्तांक | पूर्णांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हाईस्कूल | | | | | | |
| 2 | इण्टरमीडिएट | | | | | | |
| 3 | स्नातक | | | | | | |
| 4 | प्रशिक्षित स्नातक | | | | | | |
| 5 | उ0प्रा0वि0 स्तर टी0ई0टी0 | | | | | | |

12. कस्तूरबा गॉधी बालिका विद्यालयों के ऐसे शिक्षक/शिक्षिका जो शैक्षिक सत्र 2020–21 में नवीन संविदा से वंचित हो गये हो, का शिक्षण अनुभव (सम्बन्धित जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से निर्गत कार्यालय प्रमाण पत्र संलग्न करें) :

| क्र0सं0 | के0जी0बी0वी0 का नाम | प्रथम संविदा तिथि | अंतिम संविदा तिथि | शिक्षण कार्य का अनुभव | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | दिन | माह | वर्ष |
| | | | | | | |

13. संलग्नकों का विवरण :

| | |
|---|---|
| 1. .......... | 7. .......... |
| 2. .......... | 8. .......... |
| 3. .......... | 9. .......... |
| 4. .......... | 10. .......... |
| 5. .......... | 11. .......... |
| 6. .......... | 12. .......... |

## घोषणा

मै .......... पुत्र/पुत्री/पत्नी .......... शपथ पूर्वक यह घोषणा करता/करती हूँ कि आवेदन पत्र में उक्तवत् दिये गये समस्त जानकारी पूर्णतया सत्य है एवं किसी तरह का तथ्य गोपन नहीं किया गया है। चयन के पूर्व अथवा बाद में जॉचोपरान्त कोई भी विवरण असत्य/प्रमाण पत्र फर्जी/कूटरचित पाये जाने पर जनपदीय चयन समिति/सक्षम प्राधिकारी को मेरा सेवा अनुबंध समाप्त करते हुए प्राथमिकी दर्ज कराने व भुगतानित मानदेय की वसूली करने का अधिकार होगा। आवेदन पत्र में अंकित सूचनाओं से सम्बन्धित मूल प्रमाण पत्र/अंक पत्र आवेदन करने की तिथि से मेरे पास उपलब्ध है।

अभ्यर्थी का पूर्ण हस्ताक्षर

दिनांक ..........

# आवेदन पत्र का प्रारूप
## (सहायक रसोईयां / चपरासी / चौकीदार हेतु)

स्व–प्रमाणित फोटो चस्पा करें।

1. आवेदित पद का नाम (सहायक रसोईयां / चपरासी / चौकीदार) : ..............................................
2. अभ्यर्थी का नाम ..............................................................................................................
3. पिता का नाम ........................................................... पति का नाम ..........................................................
4. स्थायी पता ग्राम / वार्ड नं0 ...................................................... पो0 ....................................................
   थाना .............................. जनपद ................................... पिनकोड ...................................
5. पत्र व्यवहार का पता ग्राम / वार्ड नं0 ................................................................ पोस्ट .....................................
   थाना ..................................................., जनपद ........................................ पिन कोड ..................................
6. मोबाईल नम्बर .................................................... अभिभावक का मो0नं0 : ...................................................
7. जाति / वर्ग (अनारक्षित / अनु0जाति / जन0जाति / अ0पि0व0 / ई0डब्लू0एस0) ................................................
   (आरक्षण श्रेणी / कोटि होने के अन्तर्गत अद्यतन जारी प्रमाण पत्र संलग्न करें)
8. जन्म तिथि अंकों में ...................................... शब्दों में ..................................................................................
9. 01 अप्रैल, 2025 को कक्षा–8 / हाईस्कूल प्रमाण पत्र के अनुसार आयु ............ दिन .............. माह ............... वर्ष।
10. शैक्षिक योग्यता –

| क्र.सं. | शैक्षिक योग्यता | संस्था / बोर्ड / विश्वविद्यालय का नाम | विषय | उत्तीर्ण वर्ष | प्राप्तांक | पूर्णांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कक्षा–8 | | | | | | |
| 2 | हाईस्कूल | | | | | | |
| 3 | इण्टरमीडिएट | | | | | | |
| 4 | स्नातक | | | | | | |

11. अनुभव : .....................................................................
12. संलग्नकों का विवरण :

| | |
|---|---|
| 1. ................................................ | 7. ................................................ |
| 2. ................................................ | 8. ................................................ |
| 3. ................................................ | 9. ................................................ |
| 4. ................................................ | 10. ................................................ |
| 5. ................................................ | 11. ................................................ |
| 6. ................................................ | 12. ................................................ |

## घोषणा

मै ......................... पुत्र / पुत्री / पत्नी ............................... शपथ पूर्वक यह घोषणा करता / करती हूँ कि आवेदन पत्र में उक्तवत् दिये गये समस्त जानकारी पूर्णतया सत्य है एवं किसी तरह का तथ्य गोपन नहीं किया गया है। चयन के पूर्व अथवा बाद में जॉचोपरान्त कोई भी विवरण असत्य / प्रमाण पत्र फर्जी / कूटरचित पाये जाने पर जनपदीय चयन समिति / सक्षम प्राधिकारी को मेरा सेवा अनुबंध समाप्त करते हुए प्राथमिकी दर्ज कराने व भुगतानित मानदेय की वसूली करने का अधिकार होगा। आवेदन पत्र में अंकित सूचनाओं से सम्बन्धित मूल प्रमाण पत्र / अंक पत्र आवेदन करने की तिथि से मेरे पास उपलब्ध है।

अभ्यर्थी का पूर्ण हस्ताक्षर
दिनांक ................................